महत्वपूर्ण एवं खास

रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला की लाश मिलने से मची सनसनी

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतरा रोड फाटक के समीप कलमी की ओर महज 100 मीटर की दूरी पर एक अज्ञात महिला की लाश मिलने से आसपास के लोगों में दहशत का मौहाल फ़ैल चूका है। मृतक लड़की के पास से दो आधार कार्ड प्राप्त है जिसमें मृतक बालिका का नाम गुड़िया साहू उम्र 20 वर्ष निवासी जीवरि की रहने वाली है। अभी तक रेलवे प्रशासन या अन्य रेलवे के किसी भी अधिकारी का मौका ए वारदात पर ना पहुंचने की वजह से आसपास के लोगों में आक्रोश है। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई भी पूछताछ या औपचारिक रूप से ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई कि घटना आत्महत्या की है या किसी सोची समझी साजिश के तहत है। यह एक विचारणीय घटना है।

गाज की चपेट में आने से महिला श्रमिक की मौत, 4 घायल

न्याय साक्षी/रायगढ़। आकाशीय कहर बरपने से खेत में काम करने गई एक महिला की मौत हो गई। वहीं चार अन्य महिलाएं भी झुलस गई हैं, जिन्हें मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जामगां कोलाईबहाल की महिलाएं पास के ही गांव जुनाडीह में खेत में काम करने गई थी। दोपहर में खाना खा कर वे पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे, इसी दौरान तेज गरज के साथ बिजली गिरने से वे उसकी चपेट में आ गईं। इस घटना में कमला चौहान पति कीर्तन चौहान उम्र 35 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें मेकाहारा में लाकर भर्ती कराया जहां श्याम बाई पति दिलहरण चौहान, राम बाई पति स्व मोहित राम, सोमती चौहान व सविता चौहान का उपचार चल रहा है।

ट्रांसफार्मर रिपेरिंग कार्य मे लगे 3 मजदूरो की करेंट लगने से हुई मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया थाना अन्तर्गत ग्राम भालूनारा के बेंदराचुंआ में स्थित प्लाई ऐश ईटा प्लांट में 3 मजदूर की बिजली करेंट लगने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है ये ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग का कार्य कर रहे थे इसी दौरान ये हादसा हो गया।

काम करते समय अचानक तेजी से शॉर्ट सर्किट जैसा हुवा और बताया जा रहा है कि तीनो के तीनो उसकी चपेट में आ गए घटना के समय किसी को कुछ समझ आता इससे पहले यह हादसा हो गया। घटना की खबर लगते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई है पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। मृतकों के बारे में अभी कोई जानकारी नही मिल पाई है।

बताया जा रहा है कि ये ट्रेंड मैकेनिक नही थे हालांकि अभी इसकी पुष्टि नही हो रही है कि ये बिजली मिस्त्री थे या प्लांट के कर्मचारी। वही हादसे की वास्तविक वजह भी नही मिल पाई है।

हादसे के बाद ग्रामीणों को खबर लगते ही आक्रोशित हो गए हैं।

दर्दनाक बाईक एक्सीडेंट, शरीर से कटकर अलग हुआ हाथ

न्याय साक्षी/रायगढ़। धरमजयगढ़ रायगढ़ मुख्यमार्ग में एक दर्दनाक बाईक हादसा हुआ.हादसे में गंभीर रूप से घायल बाईक चालक घंटो सड़क किनारे पड़े कराहता ,तड़पता रहा। लेकिन किसी ने भी मदद करने की जहमत तक नहीं उठाई सभी मूकदर्शक बने फ़ोटो उतारते रहे वहीँ खबर पर पहुंचे स्थानीय पत्रकार शेख आलम ,असलम खान ने मानवता का परिचय देते हुए , घायल युवक को मौके पे पहुंची 108 की टीम के साथ स्ट्रेचर में उठाकर डाला।

मिली जानकारी के मुताबिक बाईक चालक चन्द्रशेखर राठिया अपने गाँव लक्ष्मी नगर से धरमजयगढ़ रायगढ़ की ओर जा रहा था तभी तेज़रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सामने पेड़ से जा टकराई, टक्कर इतनी भयंकर थी की बाईक सड़क से 100 मीटर दूर जंगल के झाडी में जा गिरी.और युवक का हाँथ शरीर से अलग हो गया। सूचना पर पहुंची 108 और 112 की टीम घायल युवक को इलाज के लिए धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल ले कर आई। जहाँ युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया.इससे पहले की उसे बाहर ले जा पाते उसकी मौत हो गई।फिलहाल धरमजयगढ़ पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

चोरी की मोटर पंप के साथ युवक गिरफ्तार

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना कोसीर स्टाफ द्वारा चोरी की दो एचपी मोटर पंप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोसीर में में इस्त.क्रमाक 01/19 धारा 41-1-4 जा. फौ./379 भादवि की कार्यवाही की गई है। आरोपी मनबोध नट पिता स्वा.पंचराम नट उम्र 25 वर्ष सा. बालपुर थाना सरसीवा एक मोटर पम्प 2 एचपी सीआरआई कीमत 20.000 को एक सायकल कर लोड कर ले जाते समय पुलिस ने पकड़ा। सायकल की भी जप्ती की गई है, आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

खोखसीपाली सरपंच के घर के बाहर मिला धमकी भरा पर्चा

» सारंगढ़ टी.आई. ने दोनों दिन क्षेत्र में की पेट्रोलिंग, गांववालों की ली बैठक

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम खोखसीपाली थाना सारंगढ के निर्वाचित सरपंच मालिकराम साहू पिता लाभोराम साहू उम्र 42 वर्ष द्वारा कोई अज्ञात व्यक्ति जान से मारने की धमकी एवं अवैध वसूली रूपये की मांग करने के संबंध में पर्ची लिखकर घर के बाहर छोड़े जाने के संबंध में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अप.क्र. 425/19 धारा 387 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सारंगढ़ पुलिस द्वारा पत्र की जप्ती की गई है। सारंगढ़ टी0आई0 द्वारा थाने के 10-12 जवानों के साथ दो दिनों तक क्षेत्र में पेट्रोलिग किया गया तथा गांववालों की बैठक लिया गया है। क्षेत्र में पुलिस के जवान एवं मुखबिर निगाह रखे हुये है जस पत्र को हस्तलिपि विशेषज्ञ के पास भेजा जा रहा है साथ ही सरपंच के साथ किसी के रंजिश होने की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

एनसीसी एक भारत श्रेष्ठ भारत राष्ट्रीय शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए कलेक्टर

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार आज जिंदल ऑडिटोरियम में आयोजित 12 दिवसीय एनसीसी एक भारत श्रेष्ठ भारत राष्ट्रीय शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए। कलेक्टर यशवंत कुमार ने शिविर में शामिल होने वाले कैडेट्स से अपने जीवन की बातें साझा की। उन्होंने कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है। जीवन में कभी असफलता मिले तो निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, जीवन में सफलता अवश्य मिलती है।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जबलपुर ग्रुप के अंडर ऑफिसर रिदम जैन एवं सुभाषिनी द्वारा मनमोहक नृत्य गणेश वंदना से किया गया। देश के विभिन्न प्रांतों तथा जम्मू कश्मीर से आए कैडेट्स ने खूबसूरत समूह नृत्य प्रस्तुत किया। रायगढ़ बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एच.एस.घुमन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर का कैम्प आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय शिविर में विभिन्न प्रांतों से आए 600 कैडेट्स शामिल है। राष्ट्रीय स्तर के इस कैम्प में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं जम्मू कश्मीर के विभिन्न स्कूलों के कैडेट्स शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार ने विभिन्न खेल एवं अन्य श्रेणी में कैडेट्स को पुरस्कार वितरण किया।

उल्लेखनीय है कि इस दौरान कैडेट्स को रायगढ़ अंचल के विभिन्न प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया। जिसमें ऐतिहासिक पर्यटन स्थल रामझरना, चंद्रपुर में स्थित चंद्रहासिनी मंदिर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कला के लिए प्रसिद्ध एकताल, सत्यनारायण बाबाधाम का भ्रमण किया। कैडेट्स प्रतिष्ठित चक्रधर समारोह में भी शामिल हुए।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी
एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षेत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Topper Students Last Session
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे,
कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् ख़बरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480